# नगर निगम के पार्षद दल करेंगे दूसरे शहरों का दौरा

▸ सूरत, नवी मुंबई एवं विशाखापट्टनम के नवाचारों से लेंगे सीख

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम के तीन पार्षद दल देश में दूसरे शहरों का अध्ययन करेंगे. दौरे का उद्देश्य देश के अग्रणी शहरों में शहरी विकास, स्वच्छता और नगरीय प्रबंधन के नवाचारों का अध्ययन करना है. यह 15 साल बाद पहला मौका है जब नगर निगम के पार्षद दूसरे शहरों का भ्रमण कर विकास के नवाचारों से रूबरू होंगे.

नगर निगम के इतिहास में 15 वर्षों बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर पार्षदों के तीन अलग-अलग दल सूरत, नवी मुंबई एवं विशाखापट्टनम का दौरा करेंगे. पार्षदों का दल तीन दिवसीय दौरा करेगा. इसके तहत एक दल 16 से 19 दिसंबर तक नवी मुंबई, 17 से 20 दिसंबर सूरत एवं 6 जनवरी से 9 जनवरी तक विशाखापट्टनम का भ्रमण करेगा. उक्त दौरे को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चयनित पार्षदों के साथ सिटी बस कार्यालय में बैठक ली. यात्रा अध्ययन विषयों और अपेक्षित परिणामों पर विस्तृत चर्चा की. महापौर ने बताया कि सूरत शहर ने स्वच्छता, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और अर्बन गवर्नेंस में उल्लेखनीय नवाचार कर देशभर में एक मिसाल कायम की है. सूरत का दल 17 दिसंबर को रवाना होगा. वहीं, नवी मुंबई में वेस्ट मैनेजमेंट, वेस्ट टू आर्ट और आधुनिक सिटी प्लानिंग जैसे सफल प्रयोगों के लिए 16 दिसंबर को दूसरा दल एवं तीसरा दल 6 जनवरी को विशाखापट्टनम के लिए रवाना होगा.




### विकास को नई मिलती है नई दिशा

महापौर ने कहा कि ऐसे दौरों से पार्षदों को देश-दुनिया को नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिलता है. शहर के विकास को नई दिशा मिलती है. उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक संकेत है कि इस अध्ययन दल में कांग्रेस और भाजपा- दोनों दलों के पार्षद शामिल हैं. महापौर ने कहा कि दोनों अध्ययन दल इंदौर के 'ब्रांड एम्बेसडर' के रूप में सूरत, विशाखापट्टनम और नवी मुंबई से सीख लेकर लौटेंगे. वहां के सफल मॉडल्स को इंदौर में लागू करने की दिशा में कार्य करेंगे.

# एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्णय पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कल इंदौर के प्रभारी मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने बीआरटीएस पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के निर्देश दे दिए. इसके बाद से कांग्रेस ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लिया और भाजपा ने एलिवेटेड कॉरिडोर की प्लानिंग को गलत बताते हुए दुर्जनता करार दिया है.

एबी रोड पर अब एलिवेटेड कॉरिडोर बनेगा। इसके लिए केंद्र से राशि की मंजूरी हो चुकी थी। साथ ही टेंडर भी हो गए थे. करीब 350 करोड़ रुपए की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार बदलने के साथ उक्त एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था. उसकी जगह बीआरटीएस पर चार स्थानों पर ओवर ब्रिज बनाने की फिजिबिलिटी सर्वे हो चुका था और डीपीआर तैयार कर मंजूर कराने की योजना बनाई जा रही थी.

### पीडब्ल्यूडी ने प्लॉनिंग गलत बनाई थी : महापौर



सज्जन वर्मा के आरोप पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सज्जन वर्मा हमेशा दुर्जनता का भाव रखते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विजनरी मंत्री नितिन गडकरी ने उक्त एलिवेटेड कॉरिडोर की राशि मंजूर की थी. कांग्रेस सरकार में एलिवेटेड कॉरिडोर की पीडब्ल्यूडी ने प्लानिंग गलत बनाई थी. प्लानिंग ठीक से बनाई होती तो एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने में देरी नहीं होती.

### साढ़े छह साल बाद अक्ल आई : वर्मा



पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के निर्णय पर बीजेपी के नेताओं को कहा कि साढ़े छह साल बाद इनको अक्ल आई है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मैंने 6 .5 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर मंजूर किया था. केंद्र सरकार से राशि मंजूर करवाई थी. टेंडर होकर वर्क ऑर्डर जारी हो चुका था. भाजपा की जमात ने निरस्त कर दिया. भाजपा के नेता भ्रष्टाचार करके इंदौर को खा गए और पूरे प्रदेश को दीमक की तरह खोखला कर रहे है. भाजपा जो काम करती है वह भ्रष्टाचार की दृष्टि से ही करती है.

# औद्योगिक इकाइयां 15 दिन में सुरक्षा ऑडिट कराएं

▸ औद्योगिक सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने ली महत्वपूर्ण बैठक

**इंदौर.** औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ पालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जोनल सेफ्टी काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाने हेतु कई अहम निर्देश जारी किए गए.

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी औद्योगिक इकाइयों को 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से सुरक्षा ऑडिट कराना होगा. सुरक्षा मानकों एवं मापदंडों का पालन न करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के लिए संयुक्त दल गठित किए जाएंगे, जो सभी इकाइयों का फील्ड इंस्पेक्शन कर सुरक्षा उपायों का परीक्षण करेंगे. घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए रिस्पांस दल भी बनाए जाएंगे. जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शक निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिनका पालन अनिवार्य होगा. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी खतरनाक कारखानों का निरीक्षण विशेष दल बनाकर किया जाएगा, ताकि सुरक्षा प्रावधानों का वास्तविक मूल्यांकन हो सके. साथ ही उन्होंने कहा कि कारखानों में सुरक्षा संबंधी जानकारी और मानकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों और प्रबंधन को सुरक्षा नियमों के प्रति और अधिक जागरूक किया जा सके. बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा हर्ष चतुर्वेदी, जिला प्रशासन के अधिकारी, औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम की फायर टीम के अधिकारी तथा मेजर हैज़र्ड श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे.



### ...अन्यथा की जाएगी वैधानिक कार्रवाई

कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि जहाँ सुरक्षा उपायों में कमी पाई जाएगी, वहाँ कारखानों को सुधार के लिए समय दिया जाएगा. निर्धारित समय-सीमा में कमियां दूर न करने पर संबंधित कारखानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के लिए ट्रेनिंग और मॉकड्रिल की योजना भी है. औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए अवेयरनेस और ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर कर्मचारी को सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूरी जानकारी हो. जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी.

### खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता अब आसानी से कर सकेंगे शिकायत

इंदौर. उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं मानकों से संबंधित शिकायतों के लिए दो टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं. अब कोई भी उपभोक्ता अपनी शिकायतें सीधे इन नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं. यह सुविधा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रारंभ की गई है. जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष स्वामी ने बताया कि शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 0731-181 तथा 0755-2840621 है। इन नंबरों पर कॉल कर उपभोक्ता खाद्य पदार्थों में मिलावट, गुणवत्ता में कमी, निर्धारित मानकों के उल्लंघन या किसी भी तरह की अनियमितता की जानकारी अधिकारियों तक पहुँचा सकते हैं.

## एक नजर में

### रेनेसां विश्वविद्यालय में सेंट्रल बैंक द्वारा वृक्षारोपण




**इंदौर .** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेनेसां विश्वविद्यालय के परिसर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आर .के . सिंह एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रबोध जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे . इस अवसर पर रेनेसां विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मानवेंद्र सिंह बघेल भी मौजूद रहे . कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के 115 पौधे लगाए गए तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया . क्षेत्रीय प्रमुख आर .के . सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है . वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही . कार्यक्रम के अंत में पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया गया .

### सनफीस्ट ने पेश किए घीरोस्टेड नट्स कुकीज

**इंदौर .** कुछ खुशबूएँ केवल कमरे को नहीं महकाती है बल्कि आपके दिल पर एक गहरी छाप छोड़ देती हैं . मेवों और गर्म घी का मिलन भी कुछ ऐसी ही यादें छोड़ जाता है . भारतीय किचन के इस कभी न भूलने वाले पल को ही सनफीस्ट ने अपनी नई पेशकश मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज़ का आधार बनाया है . इस लॉन्च के साथ, ब्रांड ग्राहकों को घी-रोस्टेड नट्स कुकीज़ के बेहतरीन स्वाद का फिर से आनंद उठाने के लिए आमंत्रित कर रहा है . कविता चतुर्वेदी, बीयू चीफ एग्जीक्यूटिव, बिस्कुट्स एंड कन्फेक्शन्स, फूड्स डिवीजन आईटीसी लिमिटेड ने नए लॉन्च के बारे में कहा मेवों को घी में भूनना हमेशा से भारतीय खाना पकाने के सबसे खास तरीकों में से एक रहा है . मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स के साथ, हम कुकी में घी में भुने हुए मेवों का इस्तेमाल करके उन पुरानी यादों को फिर से ताजा करना चाहते थे ठीक वैसे ही जैसे मांएं करती हैं .

### ऑडी इंडिया ने बायबैक, एक्सटेंडेड वारंटी प्रोग्राम किए लॉन्च

**इंदौर .** ऑडी इंडिया अपने ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए ऐसी कई पहलें शुरू कर रही है, जिनका उद्देश्य वाहन मालिकों को एक सहज, सुरक्षित और चिंता-मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करना है . एश्योर्ड बायबैक, एक्सटेंडेड वारंटी और ऑडी ड्राइव श्योर जैसे व्यापक कार्यक्रमों के माध्यम से ब्रांड न केवल ग्राहक भरोसे को मजबूत कर रहा है, बल्कि भारत के लग्ज़री ऑटोमोबाइल सेगमेंट में नए मानक भी स्थापित कर रहा है . एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम के तहत ग्राहकों को उनके वाहन का भविष्य मूल्य पहले से तय कर दिया जाता है . इसके साथ ही आसान फाइनेंसिंग और ऐसी बीमा सुविधा भी प्रदान की जाती है, जो अवधि पूरी होने पर वाहन के मूल्य में आने वाले किसी भी अंतर को कवर करती है . एक्सटेंडेड वारंटी प्रोग्राम सुविधा ग्राहकों को पूरे स्वामित्व काल में पूरी सुरक्षा का भरोसा देती है . यह कार्यक्रम वाहन की लंबी अवधि तक सुरक्षा सुनिश्चित कर, उन्हें बेफ़िक्र और निश्चिंत स्वामित्व अनुभव प्रदान करता है . ऑडी ड्राइव श्योर प्रोग्राम एक रणनीतिक और विशेष रूप से तैयार किया गया ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य प्रदर्शन-उन्मुख वाहन मालिकों और चालकों को सुरक्षित, कुशल और जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए सक्षम बनाना है।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70

**इंदौर .** एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 70 के लॉन्च के साथ अपना सबसे पतला स्मार्टफोन पेश किया. अल्ट्रा-स्लिम इंजीनियरिंग को पुनर्परिभाषित करते हुए, डिवाइस में स्लीक 5 .99 एमएम एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्युमीनियम डिज़ाइन है, जबकि यह एक विशाल 5000 एमएएच बैटरी देता है जो 40 घंटे तक की बैटरी लाइफ देती है, इसमें फ़ास्ट वायर्ड और वायरलेस चार्जिंग, सभी लेंसों पर 4के 60एफपीएस रिकॉर्डिंग के साथ सेगमेंट के सबसे उन्नत ट्रिपल 50एमपी के एआई कैमरे हैं. मोटोरोला एज 70 स्नैपड्रैगन 7 जेन 4 द्वारा संचालित दुनिया का पहला अल्ट्रा-थिन स्मार्टफोन है, जो मोटो एआई 2 .0, कोपायलट, गूगल जेमिनी, और परप्लेक्सिटी के साथ बेजोड़ मल्टी-प्लेटफ़ॉर्म एआई आजादी प्रदान करता है . मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी .एम . नरसिम्हन ने कहा एज 70 के साथ, हमें गर्व है कि हम एक ऐसा फोन ला रहे हैं जो बेहद पतला डिजाइन वाला है, लेकिन कैमरा, बैटरी, स्मार्ट फीचर्स या मजबूती में कहीं कोई कमी नहीं करता. यह स्लिम स्मार्टफोन को बिल्कुल नया रूप देता है . यह लॉन्च हमारी यात्रा का एक बड़ा कदम है .



# उत्कृष्ट कार्य के लिए सरस्वती ज्ञान मंदिर सम्मानित

**इंदौर.** सरस्वती ज्ञान मंदिर शीतल नगर इंदौर शिक्षा के साथ छात्रों के सर्वांगीय विकास के लिए सदैव तत्पर रहने वाले शिक्षक प्रिया विश्वकर्मा, प्रतिभा विश्वकर्मा, प्रतीक विश्वकर्मा, रीतिका विश्वकर्मा, रीना विश्वकर्मा, मोनिका विश्वकर्मा, किरण यादव, शिवानी साहू, अंजली पाल लता, संगीता बादल आदि का सेज यूनिवर्सिटी द्वारा मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया. विद्यालय के डायरेक्टर एसके बादल ने बताया विद्यालय हमेशा पेरेंट्स से संपर्क में रहकर पेरेंट्स के सहयोग से निरंतर प्रगति कर रहा है. जब विद्यालय और पेरेंट्स दोनों मिलकर छात्र के निरंतर विकाश के योजना बनाएंगे और कार्य करेंगे तो विद्यालय सदैव सम्मानित होगा उदाहरण के तौर पर विद्यालय हमेशा प्रयास करता है कि हर छात्र को कही कोचिंग नहीं जाना पड़े. विद्यालय छुट्टी उपरांत फर्स्ट से ऊपर हर छात्र को एक्स्ट्रा नि:शुल्क क्लास के माध्यम से हर कमजोरी दूर करने का प्रयास करता है.

# बाल विवाह रोकथाम के लिए विभाग तैयार कर रहा बाल सेना

▸ स्कूली छात्र-छात्राओं को दे रहे अधिनियम की जानकारी

**इंदौर. बाल सेवा के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग जिले को बाल विवाह मुक्त करने के प्रयास में जुट गया है. स्कूली छात्र-छात्राओं को अधिनियम की जानकारी देने के साथी बाल विवाह रोकने और उसमें शामिल न होने की शपथ दिलाई जा रही है.**

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बनाई गई बाल विवाह मुक्त भारत की कार्य योजना के अनुसार कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर विभाग के द्वारा जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है. दल निरंतर अलग-अलग स्कूलों में जाकर बच्चों को अधिनियम की जानकारी देने के साथ बाल विवाह में शामिल नहीं होने की शपथ भी दिला रहा है. सांदीपनी स्कूल शासकीय उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालय मुसाखेड़ी में संस्था अरमान बाल अधिकार ट्रस्ट के सहयोग से बाल विवाह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया.

जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र पंडया ने बाल विवाह से जीवन में होने वाले दुष्परिणाम एवं उससे बच्चों अधिकारों का किस प्रकार से हनन होता हैं और बच्चे बाल कल्याण समिति से किस प्रकार एवं कौन सी मदद ले सकते है इस विषय की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि समिति बच्चों के अधिकारों को लेकर काम करती है इसके लिए उन्हें किसी भी माध्यम से सूचना दी जा सकती है. शादी के बाद सबसे पहले शिक्षा का अधिकार समाप्त हो जाता है इसलिए पढ़ाई पूरी होने के बाद ही शादी होना चाहिए.



### शिकायतकर्ता की जानकारी रखते हैं गोपनीय

छात्र छात्राओं को बाल विवाह अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता के जिला प्रभारी महेंद्र पाठक ने दी . चाइल्ड हेल्पलाइन से फूलसिंह ने बताया की चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है और सूचना देने पर टीम 60 मिनट में बच्चों की मदद के लिए पहुंचती है . कार्यशाला में उड़नदस्ता सदस्य देवेन्द्र कुमार पाठक, शैलेष शर्मा, संस्था के अमन नादुरकर, उन्नति विश्वकर्मा और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे . प्राचार्य एसएस मौर्या ने आभार माना .

# नॉलेज शेयरिंग के लिए क्रेडाई पाठशाला

▸ क्रेडाई इंदौर की एक अनूठी पहल

**इंदौर.रियल एस्टेट में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ाने वाली प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों को रिप्रेजेंट करने वाली संस्था क्रेडाई इंदौर द्वारा क्रेडाई पाठशाला के साथ एक अनूठी पहल की है.**

होटल वाउ में आयोजित कार्यक्रम में क्रेडाई इंदौर के चेयरमैन विजय गांधी, प्रेसिडेंट संदीप श्रीवास्तव और अतुल झंवर (पेट्रन सदस्य) ने जानकारी देते हुए बताया की ज्ञान, अनुभव एवं संवाद की परंपरा को आगे बढ़ाने हेतु आज से हम क्रेडाई पाठशाला श्रृंखला का शुभारंभ कर रहे हैं. यह मंच न केवल विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम होगा, बल्कि संगठन को निरंतर सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी होगा. इस बार के संवाद का विषय था सन् 2025 में रियल एस्टेट सेक्टर में आए बदलावों और नए नियमों का प्रभाव. इसी पावन अवसर पर, संवाद एवं संगठनात्मक चेतना को सुदृढ़ करने की एक और नई पहल के रूप में क्रेडाई इंदौर के द्वैमासिक न्यूज़ लेटर- क्रेडई न्यूज लेटर का भी शुभारंभ किया गया. इस न्यूज़ लेटर का विमोचन क्रेडाई इंदौर के फ़ाउंडर्स मेंबर्स द्वारा किया गया.





### एमएमए चैंपियनशिप विजेता आर्या चौधरी का सम्मान

**इंदौर. लेबनान से भारत अपने शहर इंदौर लौटते समय एलआईजी चौराहे पर ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी इंदौर व प्रज्ञान गुरुकुलम् की तरफ से**

एमएमए चैंपियनशिप विजेता आर्या चौधरी और विक्रम अवार्ड से सम्मानित विकास शर्मा का संस्था की अध्यक्ष रिचा अग्रवाल ने सम्मानित किया. आर्या चौधरी लेबनान में आयोजित एशियन एमएमए चैंपियनशिप 2025 में एटम वेट कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया. लेबनान की मिट्टी पर भारत के राष्ट्रध्वज को सम्मानित कर राष्ट्रगान भी बजा. इस अवसर पर संस्था की सभी बहनें उपस्थित रही. सभी बहनों ने ढोल बजाते धूमधाम से नाचते हुए आर्या को बधाई दी.

एक नजर में ▸ सराफा विद्या निकेतन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पत्रिका स्वर्ण कलश का लोकार्पण

# कारोबारी संस्थाएं भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे आएं : मुख्यमंत्री

**इंदौर.** इंदौर में व्यापारिक संगठनों ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक गौरवशाली कीर्तिमान बनाए हैं. सराफा विद्या निकेतन जैसी शिक्षण संस्था के 50 वर्ष पूरे होना एक यशस्वी उपलब्धि है. मुझे प्रसन्नता हो रही है कि सराफा विद्या निकेतन का स्वर्ण जयंती समारोह हो रहा है. समाज एवं कारोबार से जुड़ी संस्थाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है, तभी हम प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ऊँचाइयों पर पहुंचा सकेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान सराफा विद्या निकेतन एमओजी लाइन्स, नालंदा परिसर एवं गुमास्ता नगर की संयुक्त विद्यालयीन पत्रिका स्वर्ण कलश के लोकार्पण समारोह में उक्त प्रेरक बातें कही. उन्होंने इंदौर चांदी सोना जवाहरात तौल कांटा पारमार्थिक ट्रस्ट, एवं सराफा विद्या निकेतन के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, सचिव अजय नीमा, कोषाध्यक्ष सतीश नीमा, इंदौर चांदी सोना जवाहरात व्यापारी एसो के अध्यक्ष हुकम सोनी, मंत्री बंसत सोनी, ट्रस्टी सुशील गुप्ता, सराफा विद्या निकेतन के मंत्री प्रमोद नागर, प्रबंध समिति के संयोजक गोपाल नीमा, राजेश कोठाना एवं संदीप महाजन, अशोक शर्मा, प्राचार्य आलोक दवे, सरिता शर्मा एवं अंकिता मिश्रा आदि को विद्यालय के सफल संचालन और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बधाई दी. इस अवसर पर मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव रणदिवे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं दी,



### विद्यार्थियों को दिए स्वर्ण पदक

विद्यालय के 50वें वार्षिक महोत्सव एवं स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ आर .आर . केट इंदौर की डायरेक्टर डॉ. अल्पना राजन एवं एसजीएसआईटीएस के डायरेक्टर डॉ . नितेश पुरोहित के मुख्य आतिथ्य में हुआ . अतिथियों का परिचय संध्या तेलंग, निधि प्रजापति ने दिया . इस मौके पर विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं माही विशाल जैन, अमृता राजेश शर्मा एवं मानस नवीन सोनी को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए . सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान मंजुला ठाकुर, ममता लाहोटी, शिवानी त्रिपाठी, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सम्मान पुरुषोत्तम पुरी, कमल नागर एवं नवीन शर्मा को दिए गए . राजेंद्र कुमार जैन, प्रवीण त्रिपाठी एवं कमला नरिया का सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया .

**प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र** -इस अवसर पर अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा संजोयी गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी सराहा. सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शिव वंदना, विट्ठल नृत्य, नरसिंह अवतार, वेस्टर्न डांस, बचपन से पचपन, कत्थक नृत्य, धुनुची, महारास एवं लिटिल बॉलीवुड रॉक स्टार जैसी प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही. विधायक मालिनी गौड़ एवं वार्ड 69 की पार्षद मीता रामबाबू राठौर ने अतिथि के रूप में विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की. संचालन डॉ. दिव्या शर्मा, सुनयना शर्मा, प्रदक्षिणा पाण्डेय ने किया. आभार माना योगेश केशरवानी एवं रमा तिवारी ने.